**राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन सभी कोटि के कक्षा–01 से कक्षा–12 के विद्यालयों / महाविद्यालयों में अगस्त–2023 माह से आयोजित किए जाने वाले साप्ताहिक जाँच परीक्षा के निमित्त PROJECT RAIL (REGULAR ASSESSMENT FOR IMPROVED LEARNING) के संचालन/ क्रियान्वयन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (STANDARD OPERATING PROCEDURE-SOP)**

नवाचारी प्रयोग के तहत कोडरमा जिले के उपायुक्त की पहल पर कोविड–19 के समय से ही जिले के कक्षा 06 से कक्षा 12 के सभी सरकारी विद्यालयों में प्रोजेक्ट रेल (RAIL-REGULAR ASSESSMENT FOR IMPROVED LEARNING) का संचालन किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप जिले के मैट्रिक तथा इंटर परीक्षाओं में छात्र–छात्राओं की उपलब्धि राज्य के अन्य जिलों की तुलना में उत्कृष्ट पाई जा रही है। कोडरमा जिले में संचालित हो रहे प्रोजेक्ट रेल की सफलता को संज्ञान में रखते हुए सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निदेशक जेसीईआरटी–सह–राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के निदेशानुसार उक्त PROJECT को राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन कक्षा 01 से कक्षा 12 तक के राज्य के सभी 24 जिलों के सभी कोटि के विद्यालयों यथा–सरकारी, अर्द्ध–सरकारी, प्रस्वीकृति प्राप्त, गैर–सरकारी सहायताप्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) विद्यालयों में लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है। राज्य स्तर पर PROJECT " RAIL " (REGULAR ASSESSMENT FOR IMPROVED LEARNING) के संचालन/ क्रियान्वयन हेतु **मानक संचालन प्रक्रिया** (STANDARD OPERATING PROCEDURE - SOP) निम्नवत निर्धारित की जाती है :–

1. PROJECT " RAIL " (REGULAR ASSESSMENT FOR IMPROVED LEARNING) का संचालन/ क्रियान्वयन राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन कक्षा–01 से कक्षा–12 तक के राज्य के सभी 24 जिलों के सभी कोटि के विद्यालयों यथा, विद्यालयों यथा–सरकारी, अर्द्ध–सरकारी, प्रस्वीकृति प्राप्त, गैर–सरकारी सहायताप्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) विद्यालयों में किया जाएगा।

2. साप्ताहिक जाँच परीक्षा हेतु कक्षावार एवं विषयवार साप्ताहिक विच्छेदित पाठ्यक्रम तथा साप्ताहिक जाँच परीक्षा की समय–सारणी का निर्धारण जे.सी.ई.आर.टी.,राँची द्वारा किया गया है जो गूगल ड्राइव लिंक के माध्यम से राज्यान्तर्गत सभी डायट के प्राचार्य को उपलब्ध कराया जाएगा।

Jharkhandlab.com

3. प्रश्न–पत्र एवं उत्तर–कुंजिका निर्माण :– प्रारंभ में 02 महीनों तक सभी कक्षा के सभी विषयों के साप्ताहिक जाँच परीक्षा हेतु प्रश्न–पत्र जो कि वस्तुनिष्ठ प्रकृति के होंगे, उत्तर–कुंजिका सहित कोडरमा जिले के द्वारा जेसीईआरटी कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा। तदोपरांत, साप्ताहिक जाँच परीक्षा के निमित्त कक्षा–01 से कक्षा–12 हेतु जेसीईआरटी द्वारा उपलब्ध कराये गये साप्ताहिक विच्छेदित पाठ्यक्रमानुसार सभी विषयों के प्रश्न–पत्र जो कि वस्तुनिष्ठ तथा विषयनिष्ठ दोनों ही प्रकृति के होंगे (उत्तर–कुंजिका सहित) का निर्माण राज्य के सभी 24 जिलों के डायट में प्रतिनियुक्त शिक्षकों के द्वारा घूर्णन (ROTATION) के आधार पर किया जाएगा। डायट के प्राचार्य सम्बंधित जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी / जिला शिक्षा अधीक्षक के सहयोग से प्रश्नपत्र तथा उत्तर कुंजिका निर्माण हेतु आवश्यकतानुसार कक्षावार एवं विषयवार शिक्षकों का प्रतिनियोजन करेंगे। जिस सप्ताह में जिस डायट को प्रश्न–पत्र एवं उत्तर–कुंजिका निर्माण करने की जिम्मेवारी होगी उस डायट के द्वारा परीक्षा के 60 दिन (02 माह) पूर्व टंकित प्रश्न–पत्र तथा उत्तर–कुंजिका जेसीईआरटी आकलन कोषांग के Email Id: jcertassessment@gmail.com पर प्रेषित किया जाएगा। प्रश्न पत्र तथा उत्तर कुंजिका का निर्माण सम्बंधित डायट के द्वारा निम्नांकित **ब्लू प्रिंट** (BLUE PRINT) के आधार पर किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा :–

प्रथम 02 महीनों के लिए, कक्षा–01 से कक्षा–12 तक के लिए परीक्षा वस्तुनिष्ठ होगी। प्रथम 02 महीनों के लिए कार्यान्वयन योजना निम्न प्रकार है :–

| Class | Weightage | Marks | Duration |
|---|---|---|---|
| Class 01 | 5 questions of 4 marks each | 20 | |
| Class 02 | 8 questions of 2.5 marks each | 20 | |
| Class 3 to 5 | 10 questions of 2 marks each | 20 | 1 hr |
| Class 6 to 8 | 10 questions of 4 marks each | 40 | 75 mins |
| Class 9 to 12 | 16 questions of 2.5 marks each | 40 | 90 mins |

Jharkhandlab.com

प्रथम दो महीनों के उपरान्त साप्ताहिक जाँच परीक्षा हेतु ब्लू प्रिंट निम्नवत है :-

| Class | Weekly Plan | Subjects | Weightage (per subject) | Marks(Per Question) | Total Marks | Duration |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Class 1 | First week | Maths | 5 oral questions | 04 | 20 | |
| | Second week | English | 5 oral questions | 04 | 20 | |
| | Fourth week | Hindi | 5 oral questions | 04 | 20 | |
| Class 2 | First week | Maths | 8 questions (6 oral & 2 written) | 2.5 | 20 | |
| | Second week | English | 8 questions (6 oral & 2 written) | 2.5 | 20 | |
| | Fourth week | Hindi/Other languages | 8 questions (6 oral & 2 written) | 2.5 | 20 | |
| Class 3 | First week | Hindi/Other languages & English | 10 questions (5 objective & 5 subjective) | 2 | 20 | 1 Hr |
| | Second week | Maths | 10 questions (5 objective & 5 subjective) | 2 | 20 | 1 Hr |
| | Fourth week | EVS | 10 questions (5 objective & 5 subjective) | 2 | 20 | 1 Hr |
| Class 4 | First week | Hindi/Other languages & English | 10 questions (5 objective & 5 subjective) | 2 | 20 | 1 Hr |
| | Second week | Maths | 10 questions (5 objective & 5 subjective) | 2 | 20 | 1 Hr |
| | Fourth week | EVS | 10 questions (5 objective & 5 subjective) | 2 | 20 | 1 Hr |
| Class 5 | First week | Hindi/Other languages & English | 10 questions (5 objective & 5 subjective) | 2 | 20 | 1 Hr |
| | Second week | Maths | 10 questions (5 objective & 5 subjective) | 2 | 20 | 1 Hr |
| | Fourth week | EVS | 10 questions (5 objective & 5 subjective) | 2 | 20 | 1 Hr |

Jharkhandlab.com

| Class | Weekly Plan | Subjects | Weightage (per subject) | Marks(Per Question) | Total Marks | Duration |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Class 6 | First week | Science & English | 15 questions; (10 objective*2 marks) (5 subjective*4 marks) | 10x2 5x4 | 40 | 75 mins |
| | Second week | Social Science & Sanskrit/Urdu/Other langugaes | 15 questions; (10 objective*2 marks) (5 subjective*4 marks) | 10x2 5x4 | 40 | 75 mins |
| | Fourth week | Maths & Hindi | 15 questions; (10 objective*2 marks) (5 subjective*4 marks) | 10x2 5x4 | 40 | 75 mins |
| Class 7 | First week | Science & English | 15 questions; (10 objective*2 marks) (5 subjective*4 marks) | 10x2 5x4 | 40 | 75 mins |
| | Second week | Social Science & Sanskrit/Urdu/Other langugaes | 15 questions; (10 objective*2 marks) (5 subjective*4 marks) | 10x2 5x4 | 40 | 75 mins |
| | Fourth week | Maths & Hindi | 15 questions; (10 objective*2 marks) (5 subjective*4 marks) | 10x2 5x4 | 40 | 75 mins |
| Class 8 | First week | Science & English | 15 questions; (10 objective*2 marks) (5 subjective*4 marks) | 10x2 5x4 | 40 | 75 mins |
| | Second week | Social Science & Sanskrit/Urdu/Other langugaes | 15 questions; (10 objective*2 marks) (5 subjective*4 marks) | 10x2 5x4 | 40 | 75 mins |
| | Fourth week | Maths & Hindi | 15 questions; (10 objective*2 marks) (5 subjective*4 | 10x2 5x4 | 40 | 75 mins |

Jharkhandlab.com

| Class | Weekly Plan | Subjects | Weightage (per subject) | Marks(Per Question) | Total Marks | Duration |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | marks) | | | |
| Class 9 | First week | Maths | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 marks) | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |
| | Second week | Science | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 marks) | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |
| | Third week *(Thursday)* | English & Hindi | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 marks) | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |
| | Fourth week | Social Science | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 marks) | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |
| Class 10 | First week | Maths | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |

Jharkhandlab.com

| Class | Weekly Plan | Subjects | Weightage (per subject) | Marks(Per Question) | Total Marks | Duration |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | marks) | | | |
| | Second week | Science | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 marks) | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |
| | Third week *(Thursday)* | English & Hindi | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 marks) | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |
| | Fourth week | Social Science | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 marks) | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |
| Class 11 | First week | Physics/History/Accountancy | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 marks) | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |
| | Second week | Chemistry/Geography/B.St. | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |

Jharkhandlab.com

| Class | Weekly Plan | Subjects | Weightage (per subject) | Marks(Per Question) | Total Marks | Duration |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | marks) | | | |
| | Third week *(Thursday)* | Biology/Maths/ETP/Economics | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 marks) | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |
| | Fourth week | Hindi/English (Core/Elective) | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 marks) | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |
| Class 12 | First week | Physics/History/Accountancy | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 marks) | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |
| | Second week | Chemistry/Geography/B.St. | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 marks) | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |
| | Third week *(Thursday)* | Biology/Maths/ETP/Economics | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |

Jharkhandlab.com

| Class | Weekly Plan | Subjects | Weightage (per subject) | Marks(Per Question) | Total Marks | Duration |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | marks) | | | |
| | Fourth week | Hindi/English (Core/Elective) | 16 questions; (10 objective*2 mark) (2 subjective*2 marks) (2 subjective*3 marks) (2 subjective*5 marks) | 10x2 2x2 2x3 2x5 | 40 | 90 mins |

4. **विद्यालय स्तर पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर कुंजिका की उपलब्धता :-** उक्त कार्य हेतु प्रत्येक डायट के द्वारा कक्षा-01 से कक्षा-05 तक के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, कक्षा-01 से 08 तक के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों तथा कक्षा-01 से कक्षा-12 तक के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का 03 व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा।

***नोटः- कक्षा-01 से कक्षा-08 वाले व्हाट्सएप ग्रुप में केवल वैसे प्रधानाचार्य जुड़ेंगे जो कक्षा-01 से कक्षा-05 के विद्यालयों में नहीं जुड़े हैं तथा कक्षा-01 से कक्षा-12 वाले व्हाट्सएप ग्रुप में केवल वैसे प्रधानाचार्य जुड़ेंगे जो कक्षा-01 से कक्षा-08 वाले समूह में नहीं जोड़े गए हैं। उपरोक्त तीनों स्तर के विद्यालयों के लिए व्हाट्सएप में एक समुदाय समूह (COMMUNITY GROUP) का निर्माण डायट स्तर पर किया जाएगा। प्रश्न पत्र तथा उत्तर कुंजिका का प्रसारण इसी समुदाय समूह में डायट के माध्यम से किया जाएगा।***

व्हाट्सएप ग्रुप के निर्माण के उपरांत सभी डायट द्वारा निर्धारित साप्ताहिक जाँच परीक्षा हेतु समय-सारणी को संज्ञान में रखते हुए परीक्षा से 01 दिन पूर्व व्हाट्सएप ग्रुप में प्रश्न-पत्र तथा उत्तर-कुंजिका चाहे वह टंकित हो अथवा हस्तलिखित हो का प्रेषण किया जाएगा। डायट द्वारा निर्मित प्रत्येक व्हाट्सएप समूह में जेसीईआरटी के आकलन कोषांग के सदस्यों को भी एडमिन के रूप में जोड़ा जाएगा। संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों द्वारा परीक्षा के दिन शिक्षकों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। विद्यालय में प्रश्न पत्रों को श्यामपट्ट पर शिक्षकों के द्वारा लिखा जाएगा अथवा अपने सुविधानुसार छात्रों तक प्रेषित किया जाएगा।

**परंतु ,**

Jharkhandlab.com

प्रश्न पत्रों तथा उत्तर–कुंजिका के संधारण हेतु राज्य एमआईएस समन्वयक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची से संपर्क कर ई–विद्यावाहिनी में यदि संभव हो तो उक्त प्रकार के प्रावधान को विकसित किया जाएगा। जिसे सिर्फ और सिर्फ विद्यालय के प्रधानाध्यापकों द्वारा डाउनलोड किया जा सकेगा तथा यह भी ई–विद्यावाहिनी में स्पष्ट किया जा सकेगा कि कितने विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा प्रश्न–पत्र तथा उत्तर–कुंजिका को डाउनलोड किया जा चुका है। जिन विद्यालयों के द्वारा लगातार दो साप्ताहिक जाँच परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा उन विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से जिला स्तर के सक्षम पदाधिकारियों द्वारा स्पष्टीकरण माँगा जाएगा।

5. साप्ताहिक जाँच परीक्षा हेतु प्रत्येक विद्यालय के प्रत्येक छात्रों को विद्यालय प्रधान द्वारा एक रजिस्टर अथवा कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी एवं उसी रजिस्टर अथवा कॉपी में प्रत्येक विषय की परीक्षा छात्रों द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

6. परिक्षोपरांत छात्रों की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन संबंधित विषय के शिक्षकों द्वारा परीक्षा से 03 दिन के अंदर सुनिश्चित किया जाएगा। जिन विषय के शिक्षक विद्यालय में उपलब्ध नहीं है उन विषयों का मूल्यांकन विद्यालय में उपस्थित किसी भी शिक्षक के द्वारा उत्तर कुंजिका से मिलान करते हुए किया जाएगा तथा मूल्यांकन के उपरांत छात्रों के प्राप्त अंकों की प्रविष्टि संबंधित शिक्षकों के द्वारा या तो प्रोजेक्ट के नाम से तैयार किये गये रजिस्टर में या एक्सेल शीट में तथा ई–विद्यावाहिनी में किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

***(नोट : ई–विद्यावाहिनी में प्रश्न पत्रों तथा उत्तर कुंजिका के संधारण एवं छात्रों के प्राप्तांकों की प्रविष्टि हेतु प्रावधान विकसित होने के पश्चात प्रश्न–पत्रों एवं उत्तर कुंजिका का प्रेषण एवं छात्रों के प्राप्तांकों की प्रविष्टि संबंधित शिक्षकों द्वारा ई–विद्यावाहिनी में अनिवार्य रूप से किया जाएगा ।)***

7. परिक्षोपरांत प्रत्येक सोमवार को शिक्षकों के द्वारा कक्षा में परीक्षा से सम्बंधित परिचर्चा किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

8. परिक्षोपरांत परीक्षाफल का प्रकाशन अगले सप्ताह के बुधवार तक प्रत्येक परिस्थिति में किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

**विद्यालय स्तर पर परीक्षाफल प्रकाशित करने हेतु प्रपत्रः–**

| क्रमांक | छात्र/छात्रा का नाम | अनुक्रमांक | गणित | विज्ञान | हिंदी | सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | कुल पूर्णांक | कुल प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

Jharkhandlab.com

| | | | पूर्णांक | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |

9. टॉपर छात्र–छात्राओं को प्रार्थना सभा में पुरष्कृत करने का प्रावधान विद्यालय स्तर पर किया जाएगा।

10. **अनुश्रवन तथा प्रतिवेदन :**

- प्रत्येक स्तर के कक्षा–01 से कक्षा–12 के विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापकों के द्वारा सम्बंधित संकुल साधन सेवी/ प्रखंड साधन सेवी को परिक्षोपरांत परीक्षा का प्रतिवेदन विहित प्रारूप में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

**परिक्षोपरांत विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापकों के द्वारा संकुल साधन सेवी/ प्रखंड साधन सेवी को उपलब्ध कराये जाने वाले प्रतिवेदन हेतु विहित प्रारूप :–**

<table>
<tr><td colspan="2">जिलाः</td><td colspan="2">प्रखंडः</td><td colspan="2">संकुलः</td></tr>
<tr><td colspan="3">विद्यालय का नामः</td><td colspan="3">विद्यालय का U-DISE कोडः</td></tr>
<tr><td rowspan="2">क्रम संख्या</td><td rowspan="2">परीक्षा की तिथि</td><td colspan="2">कक्षा</td><td rowspan="2">विषय</td><td rowspan="2">प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक का मोबाइल संख्या</td></tr>
<tr><td>कुल नामांकन</td><td>कुल उपस्थिति</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
</table>

Jharkhandlab.com

- संकुल साधन सेवी / प्रखंड साधन सेवी का दायित्व होगा कि परीक्षा के दिन अपने संकुल के अधिक से अधिक विद्यालयों का भ्रमण कर परीक्षा सुचारू रूप से कराना सुनिश्चित करेंगे।
- संकुल साधन सेवी / प्रखंड साधन सेवी अपने-अपने संकुल / प्रखंड का प्रतिवेदन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी / प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।
- प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी / प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी किसी भी परीक्षा दिवस को कुछ विद्यालयों का भ्रमण अपने सुविधानुसार करेंगे।
- प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/ प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अपने-अपने प्रखंड का प्रतिवेदन सम्बंधित डायट के प्रधानाचार्य को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।
- डायट के प्रधानाचार्य अपने जिले का समेकित प्रतिवेदन अपने जिला शिक्षा पदाधिकारी/ जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जेसीईआरटी के आकलन कोषांग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
- जिला शिक्षा पदाधिकारी / जिला शिक्षा अधीक्षक महीने के किसी भी परीक्षा तिथि को अपने जिले के 04-05 विद्यालयों का भ्रमण करना सुनिश्चित करेंगे।
- जिला शिक्षा पदाधिकारी / जिला शिक्षा अधीक्षक अपने जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित मासिक समीक्षात्मक बैठक में परीक्षा के अद्यतन स्थिति की समीक्षा कराएंगे एवं उपायुक्त से परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त करेंगे।
- साप्ताहिक जाँच परीक्षा हेतु राज्य स्तर पर नोडल पदाधिकारी आकलन कोषांग के सदस्य होंगे।
- साप्ताहिक जाँच परीक्षा हेतु जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारी डायट के प्राचार्य होंगे।
- साप्ताहिक जाँच परीक्षा हेतु प्रखंड स्तर पर नोडल पदाधिकारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी / प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी होंगे।
- राज्य स्तर पर सम्बंधित नोडल पदाधिकारी परीक्षा तिथि को किसी भी जिले के विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक / संकुल साधन सेवी / प्रखंड

Jharkhandlab.com

साधन सेवी / प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी / प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी / डायट के प्राचार्य /जिला शिक्षा पदाधिकारी / जिला शिक्षा अधीक्षक से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर परीक्षा के अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करेंगे।

- जिला स्तर पर सम्बंधित नोडल पदाधिकारी परीक्षा तिथि को किसी भी जिले के विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक / संकुल साधन सेवी / प्रखंड साधन सेवी / प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी / प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर परीक्षा के अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करेंगे।
- प्रखंड स्तर पर सम्बंधित नोडल पदाधिकारी परीक्षा तिथि को किसी भी संकुल के विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक / संकुल साधन सेवी / प्रखंड साधन सेवी से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर परीक्षा के अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करेंगे।
- राज्य स्तर से निर्धारित साप्ताहिक जाँच परीक्षा की तिथि का पूर्व से जिलों के निर्धारित अवकाश से मेल होने पर उस जिले के विद्यालयों द्वारा अवकाशोपरांत साप्ताहिक जाँच परीक्षा अगले कार्यदिवस में लिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।
- जेसीईआरटी के कार्यालय के ज्ञापांक 600 दिनांक 15.07.2022 के अनुसार राज्य के विद्यालयों में डायट के द्वारा जो मासिक जाँच परीक्षा ली जा रही थी उसे उक्त प्रोजेक्ट के आरंभ के साथ अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है तथा उपरोक्त प्रोजेक्ट के दो माह के साप्ताहिक जाँच परीक्षा के छात्रों के प्राप्तांक को रचनात्मक मूल्यांकन (FA) में समाहित किया जाएगा।

21/07/2023

21.07.2023

21/7/23

(किरण कुमारी पासी)
निदेशक
जे.सी.ई.आर.टी–सह–राज्य परियोजना निदेशक–जे.ई.पी.सी, राँची

Jharkhandlab.com